# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 दिसंबर, 2023

## राष्ट्रीय गणित दिवस 2023

[राष्ट्रीय गणित दिवस](#) 2012 से प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ [श्रीनिवास रामानुजन](#) की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है।

- 22 दिसंबर, 1887 को इरोड, तमिलनाडु में जन्में रामानुजन को **संख्या सिद्धांत, अनंत श्रेणी और सतत भिन्न में उनके योगदान के लिये** जाना जाता है।
- गणित में रामानुजन का सबसे बड़ा योगदान रामानुजन संख्या यानी **1729 को माना जाता** है। यह ऐसी सबसे छोटी संख्या है, जिसको **दो अलग-अलग तरीके से दो घनों के योग के रूप में** लिखा जा सकता है।
- रामानुजन ने अपने में लगभग 3,900 परिणामों (समीकरणों और सर्वसमिकाओं) का संकलन किया है। उनके सबसे **महत्त्वपूर्ण कार्यों में पाई (Pi) की अनंत श्रेणी** शामिल थी।
    - रामानुजन के अन्य उल्लेखनीय योगदानों में **हाइपर जियोमेट्रिक सीरीज़, रीमान सीरीज़, एलिप्टिक इंटीग्रल, मॉक थीटा फंक्शन और डाइवर्जेंट सीरीज़** का सिद्धांत आदि शामिल हैं।
- **'द मैन हू न्यू इनफिनिटी'** भारतीय गणितज्ञ एस. रामानुजन (1887-1920) की जीवनी पर आधारित फिल्म है।



**और पढ़ें...**[राष्ट्रीय गणित दिवस](#)

## CMFRI ने समुद्री शैवाल-आधारित न्यूट्रास्यूटिकल्स का व्यवसायीकरण किया

[भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)](#) - [केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI)](#) ने दो **समुद्री शैवाल-आधारित** न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों, **कैडलमिनTM इम्यूनलगिन अर्क (CadalminTM IMe)** और **कैडलमिन TM एंटीहाइपरकोलेस्ट्रोलेमिक अर्क (CadalminTM ACe)** का सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण किया है।

- पर्यावरण-अनुकूल 'हरित' प्रौद्योगिकी के साथ विकसित इन उत्पादों का उद्देश्य[एंटी-वायरल प्रतिरक्षा](#) को बढ़ावा देना और **उच्च कोलेस्ट्रॉल या डिस्लिपिडेमिया (कोलेस्ट्रॉल का असंतुलन) से निपटना** है।
- उत्पाद को [कोविड के बाद की जटिलताओं](#) के विरुद्ध एक संभावित उपाय के रूप में पेश किया गया है, जो [SARS CoV-2](#) के डेल्टा संस्करण के खिलाफ एंटीवायरल गुण प्रदर्शित करता है।
- समुद्री शैवाल, आदिम **समुद्री शैवाल**, जिनमें जड़ें, तना और पत्तियाँ नहीं होती हैं, **समुद्री पारिस्थितिकि तंत्र** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
  - समुद्री शैवाल पोषण संबंधी लाभ और औषधीय गुण प्रदान करते हैं, जिनमें कैंसर से लड़ने वाले संभावित प्रभाव वाले सूजन-रोधी एवं रोगाणुरोधी एजेंट शामिल होते हैं।

**और पढ़ें:** [समुद्री शैवाल खेती](#), [भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)](#)

## जूट किसानों की सुविधा हेतु पाट-मित्रो (Paat-Mitro) ऐप

हाल ही में वस्त्र मंत्रालय ने **जूट संगोष्ठी के दौरान** [जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (JCI)](#) द्वारा विकसित एक मोबाइल एप्लीकेशन "**Paat-Mitro**" लॉन्च किया।

- एप्लीकेशन 6 भाषाओं में उपलब्ध है और सभी कार्यक्षमताएँ उपयोगकर्त्ताओं को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।
- यह ऐप कृषि संबंधी प्रथाएँ, [न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) विवरण](#), **जूट ग्रेडेशन पैरामीटर, 'जूट-ICARE' योजनाएँ, मौसम पूर्वानुमान, JCI**

**के खरीद केंद्रों के स्थान** और **खरीद नीतियाँ** भी प्रदान करता है। यह किसानों को अपने **जूट** भुगतान को ट्रैक करने एवं प्रश्नों के लिये चैटबॉट का उपयोग करने में सक्षम बनाता है।

- **भारत जूट का सबसे बड़ा उत्पादक** है, इसके बाद बांग्लादेश और चीन का स्थान है।
    - हालाँकि रकबा और व्यापार के मामले में बांग्लादेश भारत के 7% की तुलना में वैश्विक जूट निर्यात में तीन-चौथाई का योगदान देता है।

**और पढ़ें:** जूट उद्योग

# काशी तमिल संगमम

भारत के प्रधानमंत्री ने **नमो घाट वाराणसी** में **काशी तमिल संगमम** का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य **उत्तर तथा दक्षिण भारत** के बीच ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों को बेहतर करना है।

- इस कार्यक्रम स्थल पर **तमिलनाडु तथा वाराणसी** की **कला, संगीत, हथकरघा, हस्तशिल्प, व्यंजन** एवं अन्य विशेष उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल लगाए गए हैं। यह उत्सव एक माह तक जारी रहेगा।
- **काशी (उत्तर प्रदेश) तथा तमिलनाडु** के बीच प्राचीन संबंध **15वीं शताब्दी** से हैं जब **मदुरई** के समीपवर्ती क्षेत्र के शासक **राजा पराक्रम पंड्या** ने अपने मंदिर के लिये **लिंगम** वापस लाने के लिये **काशी** की यात्रा की थी।
    - लौटते समय राजा ने एक पेड़ के नीचे विश्राम किया तथा जब अपनी यात्रा जारी रखने की कोशिश की तो **लिंगम** ले जाने वाली गाय ने अपनी स्थान से आगे बढ़ने से इनकार कर दिया।
- **पराक्रम पंड्या** ने इसे **भगवान की इच्छा** समझा तथा वहाँ **लिंगम स्थापित किया,** जिसे आज **शिवकाशी** के नाम से जाना जाता है।
- **पांड्यों** ने **काशी विश्वनाथ मंदिर** का निर्माण भी करवाया जिसे **दक्षिण-पश्चिमी तमिलनाडु** में **तेनकासी** के नाम से जाना जाता है।

**और पढ़ें...**काशी तमिल संगमम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-december,-2023